समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

पत्र संख्या :

दिनांक :

प्रेषक,

**कुलसचिव**,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त / सम्बद्ध विद्यालय / महाविद्यालय,
(लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली।)

विषयः शैक्षणिक सत्र 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत समय–सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थान स्तर से मास्टर डाटाबेस लॉक कर समयान्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय / एफेलिएटिंग स्तर से लॉक करवाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जारी समय–सारणी के अनुपालन में मास्टर डाटा में पूर्व से सम्मिलित संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रवार एफेलिएटिंग एजेन्सी / विश्वविद्यालय का नाम आदि सूचनाओं को अंकित / अद्यतन करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने की निर्धारित तिथि **07 जुलाई 2025 से 25 नवम्बर**, 2025 तक निर्धारित है। जिसके क्रम में समस्त शिक्षण संस्थान अपनी संस्था का मास्टर डाटा समयान्तर्गत निर्धारित अवधि में लॉक करने की कार्यवाही कर लखनऊ विश्वविद्यालय / एफेलिएटिंग स्तर से लॉक करवाने हेतु निम्न अभिलेखों के साथ छात्रवृत्ति अनुभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें–

1. संस्थान की प्रोफाइल।
2. संस्थान द्वारा डिजिटल लॉक पाठ्यक्रम एवं शुल्क की हस्ताक्षरित प्रति।
3. संस्थान में गठित छात्रवृत्ति समिति की छायाप्रति।
4. संस्थान की मान्यता / सम्बद्धता एवं सक्षम स्तर से प्रमाणित शुल्क एवं सीटों की संख्या से सम्बन्धित अभिलेखों की छायाप्रति।

उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि अपने संस्था का मास्टर डाटा लॉक करने के उपरान्त जेनरेटेड सर्टीफिकेट की हस्ताक्षरित प्रति समस्त संलग्नों सहित प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में लखनऊ विश्वविद्यालय / एफेलिएटिंग एजेन्सी द्वारा शुल्क / सीटों की संख्या आदि ऑन–लाइन समयान्तर्गत लॉक न होने की दशा में यदि कोई पात्र छात्र / छात्रा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित होता है तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित शिक्षण संस्थान का होगा।,

भवदीया

(डॉ० भावना मिश्रा)
कुलसचिव

पत्र संख्या: 2e/ST-19919-24 दिनांक: 11/11/25

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल०वि०वि०।
3. इन्चार्ज, वेबसाइट, ल०वि०वि० को वेबसाइट पर अपलोड करवाने की प्रत्याशा में।
4. जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
5. जिला अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
6. जिला अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

11.11.25

उपकुलसचिव (छात्रवृत्ति)